काशी हिन्दू विश्वविद्यालय BANARAS HINDU UNIVERSITY

कुलसचिव कार्यालय
सामान्य प्रशासन
Office of the Registrar
General Administration

डायरी सं०/ Diary No. 732
दिनांक/ Date 14.05.19

पत्रांक-आर/जीएडी/विविध/28/ दिनांक –13 मई, 2019

अपील अति–आवश्यक/महत्वपूर्ण

माननीय कुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समस्त संस्थानों के निदेशक/संकाय प्रमुख/विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसी के आधार पर विश्वविद्यालय परिसर में छात्र–छात्राओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए एवं परिसर में बाहरी व्यक्तियों के अकारण प्रवेश को रोकने तथा किसी भी विषम परिस्थिति में छात्र–छात्राओं की पहचान एवं बाहरी व्यक्तियों को चिन्हित करने हेतु विश्वविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से यह अपील की गई है कि वे परिसर में अपना परिचय–पत्र सदैव साथ रखें। विशेष रूप से रात्रि में परिसर से बाहर एवं अन्दर आने–जाने वालो को अपना परिचय–पत्र रखना अनिवार्य होगा जिससे की जाँच के समय उन्हें किसी भी असुविधा का समना न करना पड़े।

विश्वविद्यालय के अधिकृत अधिकारियों द्वारा किसी भी समय जांच हेतु मांग करने पर परिचय–पत्र को प्रस्तुत करना होगा जिससें अधिकृत एवं अनाधिकृत व्यक्तियों की पहचान हो सके। इस व्यवस्था को सफल बनाने में समस्त छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सहयोग वांछित है।

संजय 13.5.19
संयुक्त कुलसचिव
(सामान्य प्रशासन)

आर/जीएडी/विविध/28/ 8223/8245 ;तद् दिनांक – 13.05.2019

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. समस्त संस्थानों के निदेशक/समस्त संकायों के संकाय प्रमुख,
2. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष/अनुभाग/ईकाई
3. प्राचार्य, महिला महाविद्यालय,
4. छात्र अधिष्ठाता,
5. मुख्य आरक्षाधिकारी,
6. चिकित्सा अधीक्षक, सर सुन्दरलाल चिकित्सालय
7. आचार्य प्रभारी, ट्रॉमा सेन्टर
8. डॉ0 के0पी0 उपाध्याय, वरिष्ठ सलाहकार (प्रशासन.,वित्त एवं परीक्षा)
9. समस्त स्कूलों/केन्द्रों के समन्वयक,
10. समस्त समन्वयक/प्रशासनिक संरक्षक/संरक्षक,
11. समस्त विद्यालयों/कालेज के प्राचार्य/प्राचार्या,
12. आचार्य प्रभारी, रा.गा.द.प. (बरकछा),
13. सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी,
14. समन्वयक, संगणक केन्द्र को इस निवेदन के साथ प्रेषित की उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वैबसाइट पर अपलोड करें।
15. समस्त संयुक्त कुलसचिव/उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव,
16. सहायक कुलसचिव एवं कुलपति जी के सचिव,
17. प्रशिक्षण एवं स्थानन अधिकारी
18. छात्र सलाहकार,
19. कुलसचिव के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक,

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।

संजय 13.5.19
संयुक्त कुलसचिव
(सामान्य प्रशासन)

Varanasi 221005, UP, INDIA
T: 91-542-2368903,
F: 91-542-2369100
Web: www.bhu.ac.in